Roll No. ....

Y – 2515

B. A. B. Ed. (Second Semester) EXAMINATION, May/June-2021

EDUCATION

HINDI LITERATURE

Time : Three Hours

Maximum Marks : 85 *Minimum Pass Marks : 34*

नोट- **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी के अंक उनके समक्ष अंकित किए गए हैं।

1. निम्नलिखित गद्यावतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (कोई **तीन**)– $3 \times 10 = 30$

(अ) उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है, जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन शृंगार में खर्च होता है, उसमें उन्नति और उपकार की जो महान शक्तियाँ हैं, उन दोनों का ही अन्त हो जाता है।

(ब) जाने कैसी लक्ष्मण रेखा है यह, अपने अहं या स्वाभिमान की या कि अपने कंगलेपन और अपमान की कि इसके पार वह किसी को नहीं आने देना चाहती। क्या बताये कि आगे क्या हो सकता है या कि पहले क्या हुआ था।

(स) यह रहस्य मानव हृदय का है, मेरा नहीं! राजकुमार नियमों से यदि मानव हृदय बाध्य होता तो आज मगध के राजकुमार का हृदय किसी राजकुमारी की ओर न खिंचकर एक कृषक बालिका का अपमान करने न आता।

(द) उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नि व बच्चों के लिए धनोपार्जन के लिए एक निमित्त मात्र हैं। जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नि माँग में सिन्दूर डालने की अधिकारी है, समाज में उसका कुछ स्थान है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से अपने कर्तव्य से छुट्टी पा जाती है।

(इ) मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है, जिससे सदैव प्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है, इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती। ऊपरी आमदनी ईश्वर देता है इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान हो, तुम्हें क्या समझाऊँ?

2. उपन्यास की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी कहानी के उद्‌भव और विकास पर नातिदीर्घ निबन्ध लिखिए।

3. उपन्यास के तत्वों के आधार पर गबन उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

'आपका बन्टी में मानस की उलझी हुई गुत्थियाँ तथा पात्रों के ईगो की टकराहट आदि का मनोवैज्ञानिक समाधान खोजने का प्रयास किया गया है।' कथन की सम्यक् विवेचना कीजिए।

4. 'चीफ की दावत' **अथवा** 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की कहानी के तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए। 10

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए– 5×5=25

(अ) जालपा के चरित्र की विशेषतायें लिखिए।

(ब) बन्टी का सामान्य परिचय दीजिए।

(स) मालती जोशी के साहित्य की प्रमुख विशेषतायें क्या हैं?

(द) मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकार के रूप में जैनेन्द्रकुमार की विशेषतायें लिखिए।

(र) कथाजगत में कृष्णा सोबती का स्थान निर्धारित कीजिए।

(य) नमक का दारोगा कहानी का सन्देश लिखिए।

(प) साँप कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।